परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था, मुंबई

कार्यपत्रक संख्या - 1

कक्षा - आठवीं विषय -हिंदी [द्‌वितीय भाषा]

पाठ का नाम - लाख की चूड़ियाँ

प्र.1 पाठ के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- [1*10 =10]

[1] लाख की चूड़ियाँ बनाने वाले को क्या कहते हैं?

[क] मनिहार [ख] सुनार [ग] लोहार [घ] कुम्हार

[2] बदलू के मकान के सामने निम्नलिखित में किस का पेड़ था ?

[क] आम का [ख] नीम का [ग] शीशम का [घ] इनमें से कोई नहीं

[3] लाख की चूड़ियाँ कौन बनाता था?

[क] लेखक का मामा बदलू [ख] लेखक [ग] रज्जो [घ] लेखक की बेटी

[4] लेखक अधिकतर बदलू से कब मिलता था?

[क] रात को [ख] सवेरे [ग] दोपहर में [घ] शाम को

[5] बदलू प्रतिदिन कितनी जोड़ी चूड़ियाँ बनाता था ?

[क] तीन से चार जोड़े [ख] चार से पाँच जोड़ें

[ग] चार से छह जोड़ें [घ] छह से सात जोड़े

[6] बेलन पर चढ़ी चूड़ियाँ बदलू को कैसी लगती थी ?

[क] महिला के हाथ जैसी [ख] नारी की कलाई जैसी

[ग] नव वधू की कलाई जैसी [घ] सभी विकल्प गलत हैं

[7] पिता की बदली होने का लेखक पर क्या प्रभाव पड़ा?

[क] वह उदास हो गया [ख] वह मामा के घर नहीं जा सका

[ग] उसे नए मित्र मिले [घ] मामा का घर नजदीक हो गया

[8] निम्नलिखित में से किस अवसर पर बदलू जिद पकड़ लेता था ?

[क] चूड़ियां बेचने के अवसर पर [ख] शादी विवाह के अवसर पर

[ग] बेटे के जन्म के अवसर पर [घ] अपनी चूड़ियों की बुराई के अवसर पर

[9] बदलू लेखक को खिलाता था -

[क] दही [ख] लस्सी [ग] मलाई [घ] पनीर

[10] बदलू लेखक से किस प्रकार की बातें किया करता था ?

[क] लेखक के घर की [ख] लेखक की पढ़ाई की

[ग] लेखक के शहरी जीवन की [घ] दिए गए सभी विकल्प

प्र.2 निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए [1*5=5]

गाँव में मेरा दोपहर का समय अधिकतर बदलू के पास भी था | वह मुझे लल्ला कहा करता और मेरे पहुँचते ही मेरे लिए तुरंत एक मचिया मँगा देता | मैं घंटों बैठे-बैठे उसे इस प्रकार चूड़ियाँ बनाते देखता रहता | लगभग रोज ही वह चार-छह जोड़े चूड़ियाँ बनाता | पूरा जोड़ा बना लेने पर वह उसे बेलन पर चढ़ा कर कुछ क्षण चुपचाप देखता रहता मानो वह बेलन न होकर किसी नववधू की कलाई हो?

[1] गाँव में लेखक का अधिकतर समय कहाँ बीतता था?

[क] खेत खलिहान में [ख] खेल के मैदान में

[ग] बदलू काका के पास [घ] मामा के घर में

[2]  लेखक को बदलू क्या कहकर बुलाता था?

[क] बेटा  [ख]  बच्चा  [ग]  लल्ला  [घ]  कामतानाथ

[3] लेखक को किस पर बैठा था ?

[क]  चारपाई पर  [ख]  चबूतरे पर  [ग] सहन में  [घ]  मचिया पर

[4]  बदलू चूड़ियाँ बनाने के बाद उन्हें निहारता क्यों रहता?

[क] क्योंकि वह चूड़ियाँ  रंग बिरंगी होती थी  [ख]  वे सुहाग का जोड़ा होती थी

[ग]  वे  बेलन पर चढ़ी चूड़ियां नववधू की कलाई की भांति खिली हुई सुंदर लगती थी

[घ] उपर्युक्त में से कोई नहीं

[5] पाठ के लेखक का नाम बताइए-

[क]  कामतानाथ  [ख]  मोहन नाथ [ग] सब्र नाथ  [घ] कमला नाथ

प्र.3 निम्नलिखित अपठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए  -  [1*5=5]

काम तो कई साल से बंद है | मेरी बनाई हुई चूड़ियाँ कोई पूछे तब तो | गाँव-गाँव में कांच का प्रसार हो गया है | वह कुछ देर चुप रहा फिर बोला मशीन युग है न यह,लल्ला ! आजकल सब काम मशीनों से होता है | खेत भी मशीन से जूते जाते हैं और फिर जो सुंदरता का की चूड़ियों में होती है, लाख में कहाँ संभव है?

[1]  बदलू का काम क्यों बंद हो गया था?

[क]  अब लाख की चूड़ियाँ कोई नहीं पहनता था

[ख]  मशीन से बनी चूड़ियों का प्रचलन बढ़ गया था

[ग] आज की चूड़ियां मशीन से बनती थी और वह लाख की चूड़ियों से सस्ती व सुंदर होती थीं

[घ] उपर्युक्त  सभी

[2] आजकल गाँव में महिलाएँ कैसी चूड़ियाँ  पसंद करने लगी थीं ?

[क] कांच  की   [ख]  पीतल की   [ग]  सोने की   [घ]  चाँदी की

[3] मशीनी युग के बारे में बदलू के क्या विचार थे?

[क] आजकल सभी काम मशीन से होते हैं  [ख]  खेत भी मशीन से जूते जाते हैं

[ग] मशीन पर बनी कांच की चूड़ियों से में लाख की चूड़ियों से अधिक सुंदरता होती है

[घ] उपर्युक्त सभी

[4] बदलू के व्यथित होने का कारण क्या था?

[क]  उसका काम बंद हो गया था          [ख] उसे लोगों ने गाँव से बाहर निकाल दिया था

[ग] उसका काम अब चलता नहीं था अब। [घ] अब वह बहुत बीमार था

[5] बदलू का काम कितने साल से बंद था ?

[क]  एक साल से  [ख] दो साल से  [ग] तीन साल से  [घ]  कई साल से

प्र.4  निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -               [2 *10=20]

[1] बदलू क्या काम करता था ?

[2] पैतृक धंधा  से आप क्या समझते हैं?

[3]  लाख की चूड़ियाँ  किससे और किस प्रकार बनती है?

[4] शादी विवाह के अवसर पर बदलू क्या जिद पकड़ लेता था?

[5]  एक बार आठ दस  वर्ष के बाद जब लेखक गाँव गया तो उसने क्या बदलाव देखा?

[6] बदलू की किस बात के लेखक को उसकी स्वाभिमानी पर गर्व हो आया ?

[7] इस कहानी से क्या संदेश मिलता है?

[8]  बदलू के मन में ऐसी कौन सी व्यथा थी जो लेखक से छिपी न रह  सकी?

[9]  गर्मी की छुट्टियों में लेखक कहाँ और कितने समय के लिए रहने जाता था?

[10] शहर की औरतों के बारे में बदलू के क्या विचार थे?

प्र,5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - [3*5=15]

[1] बचपन में लेखक अपने मामा के गांव जाओ से क्यों जाता था और बदलू को बदलू मामा ने कहकर बदलू काका क्यों कहता था?

[2] वस्तु विनिमय क्या है विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है?

[3] मशीनी युग ने कितने हाथ काट दिए इस पंक्ति में लेखक ने किस व्यथा की ओर संकेत किया है ?

[4] मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया?

[5] लाख की वस्तुओं का निर्माण भारत के किन किन राज्यों में होता है लाख से चूड़ियों के अतिरिक्त क्या-क्या चीजें बनाई जाती है? लिखिए|

प्र.6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - [5*5=25]

[1] घर में मेहमान के आने पर आप उसका अतिथि सत्कार कैसे करेंगे? विस्तारपूर्वक लिखिए |

[2] आपको छुट्टियों में किस के घर जाना सबसे अच्छा लगता है वहाँ की दिनचर्या अलग कैसे होती है ? लिखिए |

[3] मशीनी युग में अनेक परिवर्तन आए दिन होते रहते हैं आप अपने आसपास से इस प्रकार के किसी परिवर्तन का उदाहरण चुनिए और उसके बारे में लिखिए।

[4] बाजार में बिकने वाले सामानों की डिजाइनों में हमेशा परिवर्तन होता रहता है आप इन परिवर्तनों को किस प्रकार देखते हैं ? लिखिए।

[5] हमारे खान पान रहन - सहन और कपड़ों में भी बदलाव आ रहा है इस बदलाव के पक्ष विपक्ष में दो-दो बातें लिखकर स्पष्ट कीजिए ।

**************************